# कोटा में पंजाबी नाइट के दौरान हंगामा, बाद में झूमें दर्शक

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेले में देर रात को पंजाबी नाईट कार्यक्रम के दौरान हंगामा हो गया। कार्यक्रम में देर रात 8 बजे पंजाबी गायक परमिश वर्मा को पहुंचना था, लेकिन वो 3 घंटे बाद आए। इसको लेकर हजारों की संख्या में मौजूद दर्शकों ने हंगामा शुरू कर दिया। इस बीच जमकर हूटिंग का भी दौर चला।

हालात इतने खराब हो गए कि परमिश वर्मा के पहले गा रहे सिंगर के सामने ही लोग एक-दूसरे पर कुर्सियां फेंकने लगे। मंच से सिंगर ने लोगों को रोकने का प्रयास किया लेकिन दर्शन मानने को तैयार नहीं थे। आखिरकार एडिशनल एसपी दिलीप सैनी के हस्तक्षेप व समझाईश के बाद विवाद शांत हुआ। हंगामे का ये दौर करीब आधे घंटे तक चला। कार्यक्रम में शामिल हुए पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा ने महज 50 मिनट की प्रस्तुति दी। पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा के गल नी कड़नी... मेरी मर्जी... हसदी तू रह सोनिये... चल के... और रूबी कौन ड्रिल जैसे चार्ट बस्टर्स गानों पर खचाखच भरा कोटा का दशहरा मैदान देर रात तक जमकर झूमा। पंजाबी सिंगर और सुपर स्टार परमीश वर्मा की एक के बाद एक शानदार प्रस्तुतियों ने लोगों को झूमने को मजबूर कर दिया। दर्शक इस कदर मौज में बहे कि पंजाबी संगीत की सौंधी महक से हर कोई सराबोर हो उठा।

आलम यह था कि खचाखच भरी दर्शक दीर्घा में मौजूद लोग जब कहीं



राष्ट्रीय दशहरा मेला कोटा में पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा ने अपने गानों से समां बांधा।

आ जा न सकें तो अपनी कुर्सियों पर ही चढ़कर नाचने लगे। परमीश वर्मा का क्रेज ग्राउंड पर इतना ज्यादा था कि उनके मंच पर आने से पहले ही उनके फैंस खुशी से चिल्लाने लगे। जैसे ही परमीश वर्मा ने दशहरा मैदान में एंट्री

- **खचाखच भरे दशहरा मैदान में देर रात तक टॉप चार्ट बस्टर्स पर झूमते रहे दर्शक**
- **धमाकेदार परफॉर्मेंस देकर फैंस को झूमने के लिए मजबूर कर दिया**

ली, पूरे दशहरा मैदान में बैठे उनके फैंस बेहद जोश में आ गए। फैंस का जोश देखकर सिंगर परमिश वर्मा भी खुद को नहीं रोक सके और एक के बाद एक धमाकेदार परफॉर्मेंस देकर फैंस को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी नाइट के कलाकारों ने गणेश वंदना के जरिए की।

इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्यनारायण व्यास, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, आयुक्त नगर निगम कोटा अशोक त्यागी, अनुराग भार्गव, मेलाधिकारी जवाहर जैन, अतिरिक्त मेलाधिकारी महेश गोयल, मेला प्रभारी महावीर सिसोदिया, पार्षद योगेश अहलूवालिया, विजय लक्ष्मी प्रजापति, रेखा यादव, सोनू धाकड़, सुमित्रा खींची और भगवती महावर के साथ-साथ मेला समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## 180 परिवारों को खुशियों के हैप्पी किट वितरित

**रावतभाटा,** (निसं)। रक्तदाता समूह रावतभाटा द्वारा दूसरे दिन 180 परिवारो को खुशियों के किट-हैप्पी किट वितरीत किए। कॉर्डिनेटर विजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की शहर के रक्तदाता समूह ने कुल 500 रक्तवीर एवं भामाशाह ने सहयोग जुटाकर जरूरतमंद परिवारों में दीपावली खुशियां बांटने के लिए हैप्पी किट तैयार

- **यह हैप्पी किट आसपास के क्षेत्र के 500 जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए जाएंगे**

किए हैं। यह हैप्पी किट आसपास के क्षेत्र के 500 जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए जाएंगे।

अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व से पूर्व यह नई पहल के तहत जरूरतमंद परिवारों के घरों में भी दीपावली की खुशियां आएंगी। रविवार को शुभारंभ में नगरपालिक अध्यक्षा मधु कंवर हाडा, किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा, पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राजकुमार वाधवा, भाजपा नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, हर्ष जैन, भाजपा नेता आशा व्यास, डीके व्यास, बालकिशन गुलाटी, मिथलेश सिंह, पप्पू पंडित, गजेन्द्र सिंह द्वारा कच्ची बस्ती, तेंदुआ बस्ती, क्रेशर कुल 180 परिवार को हैप्पी किट वितरित किए गए।

इस दौरान गोविंद गुप्ता, अर्जुन तिवारी, आकाश जैन, तरुण पारेता, मुकेश टेलर, शुभम गौड, प्रवीन शर्मा, लक्की तिवारी, कुलदीप, रवि, रामलाल मौजूद रहे।

# कोटा स्पोर्ट्स क्लब ने एसआरटी बी को हराया




कोटा स्पोर्ट्स टीम के याग्निक मीणा को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

**कोटा,** (निसं)। एसआरटी क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वावधान में कोटा अंडर-15 प्रिपरेशन कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन एसआरटी क्रिकेट ग्राउंड, कुन्हाड़ी कोटा पर किया जा रहा है। पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी संजय भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में कोटा स्पोर्ट्स क्लब बनाम एसआरटी बी के मध्य खेले गए मैच में कोटा स्पोर्ट्स टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोटा स्पोर्ट्स टीम ने 164 रनों का स्कोर बनाया।

टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए चारुष ने 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जबकि माधव गोपाल गौतम ने 34 रन और अजातशत्रु ने 14 रनों का योगदान किया। एसआरटी बी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए बादल मीणा ने 4 विकेट, शमीम शाह, संयम जैन ने दो-दो विकेट, शिवम ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरटी बी टीम की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 43 रनों पर ही पवेलियन लौट गई। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अलमीर शेख ने 14 रन बनाए तथा इसके अतिरिक्त कोई भी बल्लेबाज दहाई के स्कोर तक नहीं पहुंच सका। कोटा स्पोर्ट्स टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए याग्निक मीणा ने 4 विकेट, चारुष ने 2 विकेट, रचित गुप्ता, अथर्व गोयल ने एक-एक विकेट लिया। कोटा स्पोर्ट्स टीम ने यह मुकाबला 121 रन से जीत लिया। मैच के पश्चात कोटा स्पोर्ट्स टीम के याग्निक मीणा को प्लेयर ऑफ द मैच से सम्मानित किया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि समाजसेवी विकास राय तथा पवन भारद्वाज मौजूद रहे साथ ही लोकेश बातकी, संतोष पंडित, अभिषेक मिश्रा, त्रिलोक सिंह, रजत गुप्ता, उमाशंकर मीणा, लाखन मीणा, सत्यप्रकाश, सोनू कुशवाह, नरेश बैरागी, मतीन खान, कलीम खान, हिमांशु सैनी, अर्पित जैन सहित खिलाड़ी मौजूद रहे।

## बाइक चोरी

**बूंदी** (निसं)। शहर के छत्रपुरा रोड स्थित एक होटल के बाहर से शनिवार रात को बाइक चोरी हो गई। जानकारी के अनुसार केशवरायपाटन के भैरू जी का करवाला निवासी शिक्षिका प्रमिला शर्मा अपने पति के साथ यहां प्रबोधक संघ के अधिवेशन में आई थी। जहां कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब दोनों घर जाने के लिए होटल से बाहर निकले तो उन्हें बाइक नहीं मिली। आसपास भी तलाश, लेकिन नहीं मिलने पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दी।

## बाजारों में दिखने लगी दीपावली की रौनक

**रावतभाटा,** (निसं)। दीपावली के लिए शहर के बाजार जगमग हो रहे हैं। दीपावली के लिए होने वाली खरीदारी से बाजार गुलजार है। शहर के बाजारों में दिनभर भीड बनी हुई है।

देर रात तक दुकानों पर खरीदारी का दौर चल रहा है। पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत मंगलवार को धनतेरस के साथ होगी। इसमें अब केवल एक दिन शेष हैं। दीपावली को लेकर लोगों में

- **बाजारों में विभिन्न सामानों की बिक्री परवान पर**

उत्साह बना हुआ है। धनतेरस पर शगुन की खरीददारी होगी, इससे पहले बाजारों में विभिन्न सामानों की बिक्री परवान पर है। सबसे ज्यादा भीड शहर के बाजारो में है। गांवों से लोग परिवार सहित खरीदारी करने पहुंच रहे। बाजारो में प्रातः से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू होता है, जो देर रात्रि तक जारी रहता हैं। दिन में आसपास के गांवों से लोग परिवार सहित खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। वहीं सायं व रात्रि को शहरवासी खरीदी करने आ रहे हैं। ऐसे में देर रात्रि तक बाजारों में खासी चहल-पहल बनी हुई है। कपड़ों, जूते-चप्पल, सजावटी सामान, पूजा के सामान, उपहार, मिठाइयां आदि की खरीदारी हो रही है।

# थर्मल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी

**छबड़ा** (निसं)। रविवार को भी थर्मल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

थर्मल सूत्रों के अनुसार थर्मल को ज्वाइंट वेंचर के नाम पर निजी हाथी में देने की साजिश की जा रही है। निगम के सभी प्लांटों में संयुक्त संघर्ष समिति की अगुवा में चल रहे ज्वाइंट वेंचर विरोधी आंदोलन ने जोर पकड लिया है। थर्मल सूत्रों से पता चला है कि थर्मल का ज्वाइंट वेंचर न सिर्फ कर्मचारियों और आम जनता के लिए अभिशाप है, बल्कि जो ठेकेदार प्लांट में छोटे-मोटे ठेके ले रहे है।

उनके भी ठेके बंद हो सकते है, क्योंकि देखा गया है कि जहां भी ज्वाइंट वेंचर हुए है। वहां ज्वाइंट वेंचर वाली प्राइवेट कंपनी कई छोटे ठेकेदारों का काम किसी एक बडी फर्म को दे देती है, जिससे कंपनी का पैसा बचे।

विद्युत क्रांति के नाम पर इस तरह के ज्वाइंट वेंचर छोटे ठेकेदारों के साथ भी धोखा है। संयुक्त संघर्ष समिति




छबड़ा प्लांट में नवें दिन भी थर्मल कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

अपनी रणनीति के तहत आंदोलन को आगे बढ़ाने पर विचार कर रही है। त्यौहारों के सीजन में दीपावली आने में कुछ ही दिन बचे है, ऐसे में प्रशासन और सरकार ने अगर कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी और थर्मल कर्मचारी का आंदोलन इसी तरह चलता रहा तो बिजली उत्पादन व्यवस्था कभी भी चरमरा सकती हैं।

जिससे की आम जनता को परेशानी होगी और दीपावली भी अंधेरे में हो सकती है।

# एक किवंटल 10 किलोग्राम अवधिपार सोन पपड़ी नष्ट करवाई

**बून्दी** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार पर प्रत्येक नागरिक को शुद्ध खाद्य सामग्री की उपलब्धता के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत 7 अक्टूबर से बूंदी जिले में लगातार अभियान चला कर निरीक्षण व नमूनीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी सामर ने बताया कि

- **'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत जिले भर में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्यवाही**

जिला प्रबंधन समिति के निर्देशन में संपूर्ण जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत रविवार को कापरेन



'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत बूंदी जिले में अभियान चलाकर निरीक्षण व नमूनीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

एवं लाखेरी स्थित जोधपुर मिष्ठान भंडार, एमएमबी मिष्ठान भंडार सहित जोधपुर मिष्ठान भंडार बाटम लेवल लाखेरी से खोया, रसगुल्लें व मलाई बर्फ़ी सहित सात सेंपल लिए गए।

वहीं कार्यवही के दौरान पाई गई एक किवंटल 10 किलोग्राम अवधिपार सोन पपडी को मौके पर नष्ट करवाया गया। साथ संबंधित व्यापारियों को भविष्य में अवधि पार खाद्य सामग्री नहीं बेचने हेतु आदेशित किया गया।

# 18 कार्टून देशी व अंग्रेजी शराब जप्त

**रावतभाटा,** (निसं)। जिले की पारसोली थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शराब माफिया के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए एक मारुति वेन में शराब की तस्करी करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर वेन से 18 कार्टून देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर, राजस्थान द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही, कच्ची शराब के उत्पादन व विकय एवं वांछित अपराधियों गिरफ्तारी हेतु चलाये गए, विशेष अभियान के अन्तर्गत अवैध

- **मारुति वेन जप्त व आरोपी गिरफ्तार**

रुप से शराब का परिवहन करने वाले शराब माफियाओं पर प्रभावी कार्यवाही के मध्यनजर रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़ एवं बेगूं पुलिस उपाधीक्षक अंजलि सिंह के निर्देशन में थाने के सहायक पुलिस उपनिरक्षक गोविन्द सिंह के नेतृत्व में कानि. मनोज, प्रितम, मोतीलाल, भोमाराम द्वारा शराब तस्करी के मार्गो को चिन्हित करते हुए निमोदा से झाडौल आने-जाने वाले कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी कर निगरानी रखी गई। इसी दौरान काटून्दा की तरफ से एक व्यक्ति मारूती वेन लेकर आया। मारुति वेन को रुकवाकर संदिग्ध होने पर तलाशी ली गई तो मारुति वेन में भरे खाकी रंग के कार्टूनो में देशी व अंग्रेजी शराब होना पाया गया। मारुति वेन से शराब के कार्टूनो को बाहर निकालकर गिनती की गई तो कुल 18 कार्टूनो में देशी व अंग्रेजी शराब व बीयर भरी हुई पायी गई। उक्त अवैध शराब व मारुति वेन को जब्त कर आरोपी बेगूं थाने के सेमलिया निवासी प्रहलाद मेवाडा पुत्र मदन लाल मेवाडा को गिरफ्तार किया गया।

## बैठक संपन्न

**छबड़ा** (निसं)। पूर्व छात्र परिषद विद्या भारती की बैठक में नव कार्यकारिणी की घोषणा एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। यहां निवर्तमान संयोजक रूपसिंह लोधा एवं संरक्षक पंकज गालव द्वारा नव कार्यकारिणी की घोषणा की गई।

जिसमें रवि गुप्ता को संयोजक, रमा भार्गव को महिला संयोजिका बनाया गया। कार्यकारिणी में सचिव सत्येंद्र कुशवाह, सह सचिव रवि गोचर, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू, प्रचार प्रमुख मुकेश सोनी, सह प्रचार प्रमुख रघुनंदन जांगिड, व्यवस्था प्रमुख ऋषि माहेश्वरी तथा संपर्क प्रमुख शुभम् भार्गव को बनाया गया।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के अम्बेडकर सामुदायिक भवन में प्रतिभाशाली खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें कब्बडी, खो-खो, टेबल टेनिस, हॉकी आदि खेलो को राज्य स्तर पर खेलने वाले स्थानीय प्रतिभाशाली खिलाडियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतापसिंह सिंघवी रहे।

अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष कैलाशचंद जैन ने की। विशिष्ट अतिथि छबड़ा प्रधान हरिओम नागर, छीपाबडौद प्रधान नरेश मीणा, वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, सेमली मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड़, बापचा मंडल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, नगर महामंत्री हरिओम गौड़, जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, मोहनलाल नागर रहे। समारोह में छबड़ा तहसील के 25 विद्यालयो के 111 खिलाड़ियो का राज्य स्तर पर विभिन्न खेलो में चयन होने पर विधायक सिंघवी ने माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उत्साह वर्धन किया तथा संगीत में क्षेत्र का राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले राघव शर्मा का भी सम्मान किया। यहां विधायक सिंघवी ने कहा कि जिस तरह से प्रतिभाशाली खिलाडी खेलो में क्षेत्र



कस्बे के अम्बेडकर सामुदायिक भवन में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया।

का नाम रोशन कर रहे है।

इनको खेल सुविधाओ का भरपूर लाभ मिले, इसके लिए मैने पालिकाध्यक्ष को निर्देषित किया है कि स्थानीय खेल मैदान को उच्च स्तरीय सुविधाओ से परिपूर्ण किया जाए, जिससे सभी खिलाडियों को एक ही स्थान पर सभी खेलो की सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में 25 विद्यालयो के अध्यापक एवं भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन व्याख्याता अशोक कुमार भार्गव ने किया।

# 'गतका' में दिखा युद्ध कौशल, हैरतअंगेज कारनामों से दर्शक रोमांचित हुए

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रीय दशहरा मेला शनिवार को सिखों की संगत पा निहाल हो गया। नीले वेशधारी युवा और बच्चों ने सिख विरासत की पारंपरिक युद्ध कला 'गतका' का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। कभी तलवारें चमकीं तो कभी फरसे खड़के। दशहरा मैदान का विजयश्री रंगमंच सिख संगत के शौर्य और साहस का गवाह बना।

रंगमंच पर वीर खालसा ग्रुप के द्वारा 'गतका' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें वीरता, शौर्य, पराक्रम और रोमांच का अद्भुद संगम देखने को मिला। इस दौरान बोले सो निहाल.. सस्त्री अकाल.. वाहे गुरुजी दा

- **जीवंत हुई सारागढ़ी किले की विजयगाथा**

खालसा.., वाहे गुरुजी दी फतह.. गूंज उठा। 'गतका' की शुरुआत अरदास से हुई। इसके बाद तो नॉन स्टॉप परफॉर्मेंस का ऐसा धमाल मचा कि गतका मंचन खत्म होने तक हजारों लोगों की भीड़ से भरे मैदान में कोई भी टस से मस नहीं हुआ।

पैंतरा के तहत् सिख वीरों ने अपने शस्त्र गोलिया, फरीसोटी, चक्कर, बैत, डांग, गुर्ज, कीलों के पट्टे, कृपाण को



कोटा दशहरा मेला में सिख विरासत की पारंपरिक युद्ध कला 'गतका' का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया गया।

सलामी दी गई। कई मीटर लंबी और खासी मोटी गतका छड़ें जब चली तो उनकी खनकार पूरे मंच पर ऐसी सुनाई दी कि रौंगटे ही खड़े हो गए। भारी भरकम तलवारों की मोटी-मोटी मूठें थामे, पंजाबी धागों की कशीदाकारी से सजी उनमें बंधे रूमाल अलग ही जोश और जुनून जगा रहे थे।

50 मिनट तक लगातार एक के बाद एक वार प्रतिवार करते खिलाड़ी और उसका जवाब देते युवा नया ही जोश जगा रहे थे। एक घंटे से ज्यादा चले गतका कार्यक्रम में कई मर्तबा ऐसे मौके आए जब दर्शकों का न रोंगटे खड़े हुए बल्कि कलेजा तक मुंह को आ गया।

वीर खालसा गतका ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य ने जब आंखों पर पट्टी बांध कर पांच युवा सदस्यों की गर्दनों पर रखा केला तेज धार तलवार से काटा तो पूरा दशहरा मैदान जो बोले सो निहाल के जयकारों से गूंज उठा। इसके बाद जैसे ही मच पर सारागढ़ी किले के युद्ध में विजय का नाट्य रूपांतरण किया गया तो हर सीने में शोले कौंध रहे थे, हर भुजा फड़क रही थी और हर आंख नम हो चली। कार्यक्रम के आखिर में जैसे ही सिंह इज किंग की धुनों पर ग्रुप ने प्रस्तुति दी पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और निशान साहेब के झंडे लहरा उठे।